# वेयरहाउसिंग व लॉजिस्टिक्स में 1416 करोड़ का निवेश करेंगी 20 कंपनियां

## एम्पावर्ड कमेटी की पहली बैठक में दो निजी निवेशकों को लेटर ऑफ कंफर्ट जारी

## वाराणसी और उन्नाव के आसपास रोजगार सृजन में अहम भूमिका

लखनऊ। मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह की अध्यक्षता में उत्तर प्रदेश वेयरहाउसिंग एंड लॉजिस्टिक्स नीति-2022 के तहत गठित एम्पावर्ड कमेटी की पहली बैठक में दो निजी निवेशकों को लेटर ऑफ कंफर्ट जारी करने के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। यूपीसीडा के सीईओ मयूर माहेश्वरी ने बताया कि नीति के तहत अब तक प्रदेश में 1416 करोड़ रुपये के निवेश के लिए यूपीसीडा द्वारा 20 कंपनियों को यूनिक आईडी आवंटित कर दी गई है।

बैठक में निजी कंपनियों ओडब्ल्यूएम लॉजीपार्क वाराणसी एलएलपी को 4.89 करोड़ रुपये और केएमआरए एसोसिएट्स एलएलपी उन्नाव को 4.90 करोड़ रुपये की पूंजीगत सब्सिडी दी जाएगी। यह कदम प्रदेश में लॉजिस्टिक और वेयरहाउसिंग क्षेत्र में निवेश को बढ़ावा देने और राज्य को औद्योगिक विकास के क्षेत्र में अग्रणी बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण है।

यूपीसीडा के सीईओ मयूर माहेश्वरी ने बताया कि यूपीसीडा द्वारा जिन 20 कंपनियों को यूनिक आईडी दी गई है, सभी में कार्य प्रगति पर है। ओडब्ल्यूएम लॉजीपार्क वाराणसी एलएलपी ने वाराणसी के ग्राम बिहरा में 8.94 एकड़ क्षेत्र में 33.29 करोड़ रुपये से वेयरहाउस बनाया है।

वहीं केएमआरए एसोसिएट्स ने उन्नाव के ग्राम रसूलपुर में 12 एकड़ क्षेत्र में 44.58 करोड़ का निवेश किया है। बैठक में प्रमुख सचिव आईटी एवं इलेक्ट्रॉनिक्स अनुराग यादव, सचिव अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास विजय किरण आनंद सहित अन्य अधिकरी मौजूद थे। ब्यूरो